दिन– शनिवार दिनांक– 01 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस –छब्बीस का आम बजट पेश किया। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण और अपना लगातार आठवां बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा बजट का लक्ष्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र के निवेश में वृद्धि और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है।

———————————————————————

केन्द्रीय बजट में आयकरदाताओं को बड़ी राहत दी गयी है। अब बारह लाख रूपए की व्यक्तिगत आय पर कोई कर नहीं देना होगा। वहीं, नौकरी–पेशा लोगों को पचहत्तर हजार रूपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्रोत पर कर कटौती यानि टीडीएस पचास हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने की घोषणा की गयी है। वहीं, वित्त मंत्री ने बजट में आयकर के नए स्लैबों की भी घोषणा की।

———————————————————————

वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कैंसर, असाधारण रोगों और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत देने के लिए छत्तीस जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव रखा गया है।

———————————————————————

बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सीमा तीन लाख रूपए से बढ़ाकर पांच लाख रूपए करने का प्रस्ताव किया गया है। कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए चुने हुए सौ जिलों में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना शुरू करने की भी घोषणा की गयी है। वहीं, दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए छह वर्ष का एक विशेष मिशन शुरू करने का बजट में प्रस्ताव है।

———————————————————————————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बजट में लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा ढाई गुणा बढ़ाने और कारोबार सीमा भी दोगुनी करने का प्रस्ताव पेश किया। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी बढ़ाकर दस करोड़ रूपए और प्रमुख निर्यातक एमएसएमई के लिए बीस करोड़ रूपए करने का बजट में प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा बजट में स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी एक प्रतिशत इजाफे के साथ बढ़ाकर बीस करोड़ रूपए करने का प्रस्ताव है। साथ ही बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा चौहत्तर प्रतिशत से बढ़ाकर शत–प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि इंडिया पोस्ट का विस्तार एक बड़े सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन के रूप में किया जाएगा।

———————————————————————————

बजट में बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। वित्त मंत्री ने राज्य में मखाना के उत्पादन, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि पूर्वोदय योजना के तहत बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड मैनेंजमेंट की स्थापना की जायेगी। इसके अलावा बजट में पटना हवाई अड्डे के विस्तार और बिहटा में ब्राउन फील्ड एयरपोर्ट के क्षमता विस्तार के साथ–साथ नये ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण की भी घोषणा की। बजट में पश्चिमी कोसी नहर–ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की गयी है।

———————————————————————————

बजट में की गई घोषणाओं से इलेक्ट्रिक वाहन, मोबाईल फोन, मोबाईल फोन की बैट्री, एलसीडी और एलईडी टीवी समेत कई प्रकार के इलेक्ट्रिक उपकरण, कैंसर की छत्तीस दवाएं, हैंडलूम कपड़े और चमड़े के सामान समेत कई वस्तुएं सस्ते होंगे। वहीं, फ्लैट पैनल डिस्प्ले और टीवी डिस्प्ले महंगे होंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस–छब्बीस के आम बजट की सराहना की है। देशवासियों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस बजट से देश में आर्थिक सुधारों की नई दिशा तय होगी। रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे

और लोगों की बचत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत की नींव को बढ़ाने वाला है।

——————————————————————————

बजट का समाज के सभी वर्ग के लोगों ने स्वागत किया है। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये प्रावधानों खासकर मखाना बोर्ड के गठन से बिहार में कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलावा आयेगा। बिहार चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष आशीष शंकर ने कहा कि आम बजट में औद्योगिक क्षेत्र की कई मांगों को पूरा किया गया है।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।